## कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वनबल प्रमुख, छत्तीसगढ़ के अंतर्गत वनरक्षक पदों हेतु लिखित भर्ती परीक्षा (FDFG24)

## प्रोफाइल रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) फार्म

अभ्यर्थी स्वयं के संबंध में बिन्दुवार मांगी गई जानकारी को सावधानीपूर्वक भरें, जो निम्नानुसार है :–

1. Mobile No. Verification- अभ्यर्थी अपना मोबाइल नंबर अंकित करें ।
2. First Name, Middle Name & Last Name.- अभ्यर्थी अपना नाम अंकित करें ।
3. Create Password - अभ्यर्थी अपना पासवर्ड अंकित कर, पासवर्ड की पुष्टि करें ।
4. Basic Information – में अभ्यर्थी स्वयं की मूलभूत जानकारी अंकित करें ।
5. Candidate`s Name- अभ्यर्थी अपना नाम अंग्रेजी के केपिटल अक्षर में लिखें ।
6. Relative`s Type- अभ्यर्थी अपने रिश्तेदार का प्रकार का चयन करें, उसी अनुसार Father/Mother/Husband–(पिता, माता, पति) में किसी एक को सेलेक्ट करें । उपरोक्तानुसार नाम में से संबंधित के नाम को केपिटल अक्षर में लिखें। नाम के पहले श्री/श्रीमती/स्व. आदि न लिखें।
7. Relative`s Name – रिश्तेदार का नाम के साथ माता का नाम भी केपिटल अक्षर में लिखें। नाम के पहले श्री/श्रीमती/स्व. आदि न लिखें।
8. Gender में (लिंग) पुरूष, महिला या तृतीय लिंग जिससे आप संबंधित हैं, सेलेक्ट करें।
9. Date of Birth- जन्मतिथि को (दसवीं की अंकसूची में दर्शाये अनुसार) दिनांक, माह एवं वर्ष में ड्राप डाउन बॉक्स से सेलेक्ट करें । (जैसा कि 27 दिसंबर 1987 को दिनांक के बॉक्स में 27, माह के बॉक्स में दिसंबर एवं वर्ष के बॉक्स मे 1987 सेलेक्ट करें)
10. Domicile of Chhattisgarh: (छत्तीसगढ़ के निवासी)– यदि आप छत्तीसगढ़ के निवासी हैं, तो हॉ Yes अन्यथा नहीं No को सेलेक्ट करें ।
11. Family Yearly Income: अभ्यर्थी पारिवारिक वार्षिक आय का उल्लेख करें ।
12. कृपया अपना स्वयं का फोटो अपलोड करें । (40kb to 60 kb)
13. कृपया अपना हस्ताक्षर का फोटो भी अपलोड करें । (40kb to 60 kb)
14. Are you Person with Disability (PWD) में (दिव्यांग वर्ग) क्या आप दिव्यांग वर्ग से संबंधित है ? Yes या No सेलेक्ट करें।
15. Type of Disability (दिव्यांगता का प्रकार) – हॉ की स्थिति में अभ्यर्थी अपने दिव्यांगता का प्रकार भी चुने ।
16. Other Information/अन्य जानकारी – Nationality/नागरिकता अभ्यर्थी नागरिकता का चयन करें ।
17. Category (Caste)- में वर्ग जिससे आप संबंधित हैं, सेलेक्ट करें।
18. District Domicile- (स्थानीय जिला निवासी)– आप जिस जिले के स्थानीय निवासी हैं, उस जिले का चयन करें ।
19. Marital Status: (वैवाहिक स्थिति) – यदि आप विवाहित है तो हॉ Yes अन्यथा नहीं No को सेलेक्ट करें ।
20. Email Id- प्रत्येक आवेदक का ईमेल आई.डी होना अनिवार्य है । यदि नहीं है तो अपना ईमेल आई.डी. अवश्य बना लें तथा इस वैध ईमेल आई डी को इस खंड में अंकित करें । **पोस्ट ऑफिस के माध्यम से एडमिट कार्ड या कोई भी जानकारी नहीं भेजी जावेगी।**

21. Mobile No.- में अपना 10 डिजिट का मोबाइल नंबर अंकित करना अनिवार्य है। मोबाइल नंबर के पहले शून्य (0) न लिखें ।

22. Present Address/ - वर्तमान पता – अभ्यर्थी अपना डाक का पता को House No. में मकान नंबर (यदि हो तो) Street Name में सड़क/मोहल्ला का नाम, City/Village में शहर/गॉव का नाम, State में राज्य का नाम, District में निवास जिले का नाम सेलेक्ट करें। पिन में अपने डाकघर का पिन कोड अंकित करें। Permanent Address/स्थाई पता वर्तमान पते के समान होने पर उपरोक्तानुसार अंकित करें ।

..............................................